**आकाशवाणी शिमला**

**14.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे**

**मुख्य समाचार**

- **78वाँ स्वतंत्रता दिवस कल–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले की प्राचीर से फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज।**
- **स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह देहरा में होगा आयोजित–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे समारोह की अध्यक्षता।**
- **राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 6 सौ 96 करोड़ से अधिक की 11 परियोजनाएं शुरू करेगी राज्य सरकार।**
- **हिमकेयर योजना के तहत निजी अस्पताल एक सितम्बर से 30 नवम्बर तक मरीजों को डायलिसिस सेवाएं करेंगे प्रदान।**

**स्वतंत्रता दिवस**

देश कल अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लाल किले पर आयोजित समारोह को देखने के लिए लगभग छह हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और विशिष्ट अतिथियों के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। इधर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िला में देहरा स्थित भुवनेश डोगरा स्टेडियम में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के रिज मैदान पर आयोजित होने वाले ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसी तरह अन्य जिला मुख्यालयों पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित होंगे।

**संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर अब से कुछ देर बाद 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

**बाईक रैली**

78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर देश के लिए कुर्बान सेनानियों को याद किया जा रहा है। देश की सेना भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अलग अलग तरह से कार्यक्रमों का आयोजन कर देशभक्तों के बलिदान को याद कर रही है। इसी कड़ी में आज मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा अनाडेल मैदान से बाईक पर तिंरगा यात्रा निकाली गई जिसे लेफ्टिनेंट जनरल धीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके़ पर उन्होंने कहा कि 78वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर सेना में खासा जोश है और सेना देशभर में अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस को मना रही है। लेफ्टिनेंट जनरल धीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा निकाली गईएक सौ 20 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के लोगों में देशप्रेम और भक्ति की भावना पैदा करने के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल की देव संस्कृति के संरक्षण, नशामुक्ति के प्रयास और सामाजिक सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया है। वे कल शिमला स्थित राजभवन में उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर चिंता जताते हुए कहा कि कानून कार्यान्वयन एजेंसियां अपने स्तर पर कार्य कर रही हैं, लेकिन इस सामाजिक बुराई को पंचायती राज संस्थाओं के सहयोग से दूर किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से इसे गंभीरता से लेने और लोगों को इस बारे शिक्षित व जागरूक करने पर बल दिया।

## शांडिल

शिमला के समरहिल स्थित शिव बावड़ी हादसे को आज एक साल हो गया है। पिछले वर्ष आज ही के दिन इस स्थान पर प्राकृतिक आपदा के चलते 20 लोग काल का ग्रास बने थे। हादसे की पहली बरसी पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने स्थानीय लोगों व मृतकों के परिजनों के साथ शिव बावड़ी हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान धनीराम शांडिल ने कहा कि शिव बावड़ी हादसा एक हृदयविदारक घटना थी। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और लोगों को हर सम्भव सहायता पहुंचा रही है। शांडिल ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए नदी नालों के किनारों में निर्माण कार्यों को लेकर कुछ मापदण्ड तय किए गए हैं जिन्हें सख्ती से लागू किया जाएगा।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मण्डी जिला के राजबन में आपदा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। राजबन में 31 जुलाई को बादल फटने से आई बाढ़ में बह जाने से 9 लोगों की मौत हो गई थी जबकि एक व्यक्ति अभी तक लापता है। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये दिए जा चुके हैं और प्रभावित चार परिवारों को अन्य किसी सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 6 सौ 96 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से 11 परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। कल शाम शिमला में पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी 11 परियोजनाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य राज्य में पर्यटक की आमद को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इस वर्ष जुलाई तक राज्य में एक करोड़ 13 लाख पर्यटक भ्रमण के लिए आ चुके हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को पर्यटन क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने और निर्धारित समयावधि में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## राहत

कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र समेज और बागीपुल में एक अगस्त को बादल फटने के बाद अब धीरे–धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। उपायुक्त तोरूल एस.रवीश ने बताया कि समेज में सीनियर सेकेंडरी स्कूल और प्राइमरी स्कूल में छात्रों की पढ़ाई राधा स्वामी भवन और महिला

मंडल भवन में शुरू की गई है और लापता 10 लोगों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार चल रहा है। उन्होंने बताया कि बागीपुल वैली ब्रिज शुरू होने से किसानों व बागवानों को अपने उत्पाद सब्जी मंडी तक पहुंचाने में सुविधा हुई है।

**हिमकेयर योजना**

स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया है कि मुख्यमंत्री हिमाचल हेल्थकेयर योजना हिमकेयर में संशोधन किया गया है। योजना में संशोधन किए जाने से अब निजी अस्पताल मरीजों को एक सिंतबर से 30 नवंबर, 2024 तक डायलिसिस सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि योजना के अन्य प्रवधानों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यापक जनहित में यह फैसला लिया गया है ताकि गुर्दे की बीमारियों से ग्रसित मरीजों को डायलिसिस की निर्बाध सुविधा प्रदान की जा सके।

**स्मृति दिवस**

भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर आज भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 1947 के विभाजन की दुखद घटनाओं से प्रभावित लाखों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के सचिव मेहर चंद नेगी ने की। इस अवसर पर विद्वानों ने विभाजन की गहन मानवीय लागत पर विचार किया और शांति व एकता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर ध्यान केन्द्रित किया। इस बीच सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर ने शिक्षा विभाग के सहयोग से नादौन ब्लॉक की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोल सप्पड़ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत विभाजन विभीषिका दिवस के महत्व पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं के लिए चित्रकला, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल से कांगड़ा व हमीरपुर जिलों के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कल स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद देहरा में लोकनिर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास करने के अलावा सेरा में जनसमस्याएं भी सुनेंगे। इसी तरह 16 अगस्त को मुख्यमंत्री हमीरपुर में स्वामित्व योजना के तहत आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और लाभार्थियों को सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री हमीरपुर और नादौन में करोड़ों रूपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे।

इस बीच पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर भी कल से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे कल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय ऊना में ध्वजारोहण करेंगे। बाद में अनुराग ठाकुर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा करेंगे।